# 7 मेवाड़ का गुहिल राजवंश

1. अकबर ने राणा प्रताप को समझाने के लिए दूत के रूप में सबसे पहले किसे भेजा था?
(1) मानसिंह प्रथम (2) भगवंतदास
(3) जगन्नाथ कछवाह (4) जलाल खाँ

2. मेवाड़ के किस महाराणा के समय मेवाड़ भील कोर की स्थापना की गई थी?
(1) सरदार सिंह (2) स्वरूप सिंह
(3) सज्जन सिंह (4) शम्भू सिंह

3. मेवाड़ के किस महाराणा को 'ग्रेन्ड कमांडर ऑफ दी स्टार ऑफ दी इंडिया' की उपाधि दी गई थी?
(1) सरदार सिंह (2) स्वरूप सिंह
(3) भीमसिंह (4) शम्भू सिंह

4. मेवाड़ के प्रथम पॉलिटकल एजेंट कर्नल जेम्स टॉड की नियुक्ति किस शासक के शासनकाल में की गई?
(1) जवान सिंह (2) अरिसिंह
(3) भीम सिंह (4) प्रताप सिंह

5. मेवाड़ के सिसोदिया वंश के अंतिम शासक कौन थे?
(1) महाराणा फतेहसिंह (2) महाराणा भूपालसिंह
(3) महाराणा सज्जनसिंह (4) महाराणा शम्भूसिंह

6. महाराणा प्रताप के सेनापति भामाशाह की जन्मस्थली है–
(1) उदयपुर (2) पाली
(3) राजसमंद (4) चित्तौड़गढ़

7. 1657 ई. मे मुगल उत्तराधिकारी संघर्ष में मेवाड़ के किस महाराणा से औरंगजेब ने सहायता प्राप्त करने का प्रयास किया था?
(1) महाराणा करणसिंह (2) महाराणा जगतसिंह
(3) महाराणा जयसिंह (4) महाराणा राजसिंह

8. डॉ. दशरथ शर्मा ने ............... के शासनकाल को 'मध्यकालीन मेवाड़ का स्वर्णकाल' कहा है?
(1) समरसिंह (2) क्षेम सिंह
(3) सामन्त सिंह (4) जैत्र सिंह

9. महाराणा प्रताप का जन्म किस वर्ष हुआ था?
(1) 1540 (2) 1524
(3) 1535 (4) 1572

10. गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह ने चित्तौड़गढ़ किले पर प्रथम बार आक्रमण कब किया था?
(1) मार्च 1533 (2) मार्च 1535
(3) जून 1540 (4) जून 1530

11. 1679 ई. में मुगल सम्राट औरंगजेब व महाराणा राजसिंह के मध्य उत्पन्न कटुता का प्रमुख कारण था?
(1) औरंगजेब द्वारा गोचरभूमि को अपने अधिकार में कर लिया था।
(2) राणा राजसिंह द्वारा किशनगढ़ नरेश की पुत्री चारूमती से विवाह कर लेना।
(3) राणा राजसिंह द्वारा औरंगजेब की हिन्दू विरोधी नीति का प्रतिरोध करना।
(4) औरंगजेब द्वारा हिन्दुओं पर पुनः जजिया कर लगाना।

12. हरमाड़ा का युद्ध हाजी खान व राणा उदयसिंह के मध्य कब हुआ?
(1) 24 जनवरी 1557 (2) 24 मार्च 1552
(3) 24 जनवरी 1559 (4) 24 मार्च 1540

13. निम्नलिखित युग्म को सुमेलित कीजिए–

| (प्रमुख युद्ध) | (वर्ष) |
|---|---|
| (A) खातोली का युद्ध | i. 1519 ई. |
| (B) गागरोन का युद्ध | ii. 1517 ई. |
| (C) ईडर का युद्ध | iii. 1527 ई. |
| (D) बयाना का युद्ध | iv. 1520 ई. |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | ii | i | iv | iii |
| (3) | iii | ii | i | iv |
| (4) | ii | iii | i | iv |

14. मेवाड़ का वह शासक जिसे मेवाड़ का 'पितृहंता' कहा जाता है?
(1) रायमल (2) उदा
(3) मालदेव (4) जगदेव

15. राणा कुम्भा ने मालवा के सुल्तान महमूद खिलजी को किस युद्ध में बंदी बनाया और 6 माह तक कैद रखा था?
(1) बयाना (2) सारंगपुर
(3) खातोली (4) भूताला

16. महाराणा प्रताप को समझाने हेतु चौथी बार टोडरमल का कब भेजा था?
(1) दिसम्बर 1572 ई. (2) जून 1572 ई.
(3) सितम्बर 1573 ई. (4) दिसम्बर 1573 ई.

17. किस महाराणा को 'भग्नावशेषों का उद्धारक' कहा जाता है?
(1) महाराणा प्रताप (2) महाराणा उदयसिंह
(3) महाराणा कुम्भा (4) महाराणा राजसिंह

18. महाराणा हम्मीर से पूर्व मेवाड़ के गुहिल शासक............ कहलाते थे।
(1) राणा (2) रावल
(3) सिसोदिया (4) महारावल

19. महाराणा कुम्भा के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है, उस कथन को अलग कीजिए–
(1) इन्होंनें चित्तौड़ दुर्ग में कुंभ श्याम मन्दिर का जीर्णोद्धार कर विष्णु के वराह अवतार की मूर्ति स्थापित करवाई।
(2) इन्होंनें चित्तौड़ किले में सुप्रसिद्ध 'कीर्ति स्तम्भ' का निर्माण करवाया।
(3) इन्हें चित्तौड़गढ़ दुर्ग का आधुनिक निर्माता कहा जाता है।
(4) बदनौर युद्ध विजय के उपलक्ष्य में इन्होंने कुंभ श्याम मन्दिर का निर्माण करवाया।

20. इब्राहिम लोदी ने खातोली में हुए युद्ध की हार का बदला लेने के लिए 'बाड़ी के युद्ध' में किसके नेतृत्व में राणा सांगा के खिलाफ सेना भेजी थी?
(1) मियाँ हुसैन फरमूली व मियाँ माखन
(2) निजामुद्दीन अहमद व मेंहदी ख्वाजा
(3) दौलत खाँ लोदी व आलम खाँ लोदी
(4) आलम खाँ लोदी व मियाँ माखन

21. मेवाड़ का वह पहला शासक जिसने अफगानों की अधीनता स्वीकार की थी?
(1) भोजराज (2) महाराणा रतनसिंह
(3) महाराणा विक्रमादित्य (4) महाराणा उदयसिंह

22. 1536 ई. में बनवीर किसकी हत्या करके मेवाड़ का शासक बना था?
(1) उदयसिंह (2) विक्रमादित्य
(3) भोजराज (4) रतनसिंह

23. चित्तौड़ के दूसरे साके में देवलिया प्रतापगढ़ के ................ को महाराणा का प्रतिनिधि बनाया गया था।
(1) राणा सज्जासिंह (2) विक्रमादित्य
(3) रावत बाघसिंह (4) पद्मशाह

24. प्रसिद्ध संगीतशास्त्र के ज्ञाता व एकलिंगमहात्मय के रचनाकार कान्हा व्यास किस शासक के दरबारी कवि थे?
(1) सवाई जयसिंह (2) महाराणा कुम्भा
(3) महाराणा अमरसिंह (4) मिर्जाराजा जयसिंह

25. मेवाड़ का वह शासक जिसने अपनी पत्नी तारा के नाम पर 'तारागढ़ किले' का निर्माण करवाया था?
(1) महाराणा रायमल (2) महाराणा संग्रामसिंह
(3) कुँवर पृथ्वीराज (4) महाराणा भीमसिंह

26. जैत्रसिंह व इल्तुतमिश के मध्य हुए 'भूताला के युद्ध' में जैत्रसिंह के सेनापति कौन थे?
(1) वास्तुपाल व तेजपाल (2) बालक व मदन
(3) जयमल व फत्ता (4) धीमा व मीरबक्श

27. कुंभलगढ़ प्रशस्ति के अनुसार निम्न में से किस शासक ने नेपाल में गुहिल वंश की स्थापना की थी?
(1) रतनसिंह (2) कुम्भकरण
(3) जैत्रसिंह (4) तेजसिंह

28. निम्न में से किस रानी के तोते का नाम 'हीरामन तोता' था?
(1) जैवंताबाई (2) सहलकंवर
(3) रानी पद्मिनी (4) रानी कर्मावती

29. निम्न में से कौन मेवाड़ के सिसोदिया राजवंश के नहीं थे?
(1) क्षेत्रसिंह (2) महाराणा हम्मीर
(3) जैत्रसिंह (4) लक्षसिंह

30. देबारी समझौता जिन रियासतों के बीच में हुआ था, निम्न में से वह रियासतें कौनसी है?
(1) मारवाड़, मेवाड़ व टोंक (2) मारवाड़, मेवाड़ व धौलपुर
(3) मारवाड़, ढूँढाड़ व मेवाड़ (4) कोटा, मारवाड़ व मेवाड़

31. 1615 ई. मे हुई मेवाड़-मुगल संधि की प्रमुख शर्ते कौन-कौन सी थी?
(1) कुँवर कर्णसिंह 1000 घुड़सवारों के साथ मुगल दरबार में रहेगा।
(2) मेवाड़ को वैवाहिक सम्बन्धों के लिए बाध्य नहीं किया जायेगा।
(3) चित्तौड़ किले के परकोटे का निर्माण व मरम्मत नहीं की जाएगी।
(4) उपर्युक्त सभी।

32. प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान झोटिगं भट्ट व धनेश्वर भट्ट किसके दरबार में थे?
(1) महाराणा क्षेत्रसिंह (2) महाराणा कुम्भा
(3) महाराणा हम्मीर (4) महाराणा लाखा

33. मेवाड़ के किस शासक का काल मेवाड़ चित्रशैली का स्वर्णकाल कहलाता है?
(1) तेजसिंह (2) महाराणा प्रताप
(3) अमरसिंह (4) जगतसिंह प्रथम

34. हल्दीघाटी युद्ध के पश्चात् महाराणा प्रताप को उनके घायल सैनिकों का उपचार निम्न में से किस स्थान पर किया गया था?
(1) बलिचा गाँव (2) कोल्यारी गाँव
(3) केलवाड़ा गाँव (4) आवरगढ़

35. महाराणा सांगा को किस जगह 30 जनवरी 1528 ई. को उनके सहयोगियों द्वारा विष दे दिया गया था जिससे महाराणा सांगा की मृत्यु हो गई?
(1) बसवा (2) ईरिच
(3) कालपी (4) मांडलगढ़

36. हसन खाँ मेवाती कौन था?
(1) राणा सांगा का सेनापति (2) महाराणा प्रताप का सेनापति
(3) बाबर का सेनापति (4) अकबर का सेनापति

37. हल्दीघाटी के युद्ध के बाद अकबर द्वारा महाराणा प्रताप के खिलाफ भेजे गए प्रमुख सैनिक अभियान में कौनसा सही सुमेलित नहीं है?
(1) 1577 – शाहबाज खाँ
(2) 1580 – अब्दुल रहीम खानमखाना
(3) 1584 – जगन्नाथ कछवाहा
(4) 1578 – टोडरमल

38. हल्दीघाटी एवं खानवा से सम्बन्धित जिलों का क्रमशः सही युग्म कौन सा है–
(1) उदयपुर व धौलपुर (2) राजसमंद व करौली
(3) चित्तौड़गढ़ व धौलपुर (4) राजसमंद व भरतपुर

39. मेवाड़ व मारवाड़ के मध्य 'आंवल –बावल की संधि कब हुई थी?
(1) 1453 ई. (2) 1553 ई.
(3) 1352 ई. (4) 1561 ई.

40. निम्न में से 'सिंगोली का युद्ध' किनके मध्य लड़ा गया था?
(1) महाराणा कुम्भा व मोहम्मद बिन तुगलक
(2) महाराणा लाखा व गयासुद्दीन तुगलक
(3) महाराणा हम्मीर व मोहम्मद बिन तुगलक
(4) महाराणा क्षेत्रसिंह व दिलावर खाँ